INDEX

Un-Starred Question No. 109

Listed on 29.08.2023

Sr. No.	Particulars	Page No.
1.	Reply of Un-starred Question No. 109 (in English)	1
2.	Reply of Un-starred Question No. 109 (in Hindi)	2

TO CONSTRUCT NEW SCHOOL BUILDING

109. SH. GHANSHYAM DASS (Yamunanagar):-

Will the School Education Minister be placed to state:-

a) whether it is a fact that the affiliation of Model Sanskriti School, Camp, Yamunanagar has been transferred from HBSE to CBSE as a result of which the strength of students is increased;

b) whether it is also a fact that the building of said school has been demolished due to dilapidated condition and the classes are being run in the 6 rooms of private building nearby the school on rent which is insufficient for the student strength of the school and the students and teachers are facing a lot of problem due to lack of school building as the construction work of new building has not been started so far; and

c) if so, the time by which the tender is likely to be invited togetherwith the grant sanctioned for demolition and construction respectively alongwith the details thereof?

REPLY

SH. KANWAR PAL, SCHOOL EDUCATION MINISTER

a) Yes, Sir. After affiliation with CBSE, Delhi in 2020-21, the student strength has increased from 1798 to 2104.

b) Yes Sir, after demolition of 16 class rooms due to dilapidated condition, students of classes I to V and VIII to XII are studying in the remaining 21 classrooms of the school and students of classes VI and VII have been accommodated in the rented building of Yamuna High School, Veena Nagar Camp, Yamunanagar.

c) Funds to the tune of Rs. 335.00 Lac have been sanctioned for the construction of 16 class rooms in the school. No grant was released for demolition of the 16 class rooms. The exact time of inviting the tenders cannot be ascertained at this stage. However, the Hon'ble member will be duly informed as soon as the tender process starts.

विद्यालय के नए भवन का निर्माण करना

109 श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि ;

(क) क्या यह तथ्य है कि मॉडल संस्कृति विद्यालय, कैंप, यमुनानगर की संबधता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थानांतरित कर दी गई है जिसके परिणामस्वरुप छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त विद्यालय का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में होने के कारण गिराया गया है तथा कक्षाएं विद्यालय के पास किराए पर एक निजी भवन के छह कमरों में लग रही हैं जोकि विद्यालय के छात्रों की संख्या के लिए अपर्याप्त है तथा विद्यालय भवन की कमी के कारण छात्रों व शिक्षकों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि नए भवन का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है; तथा

(ग) यदि हाँ, तो निविदाएं कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है तथा गिराए जाने तथा निर्माण के लिए क्रमशः स्वीकृत अनुदान क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्री कंवर पाल, स्कूल शिक्षा मंत्री

(क) हाँ, श्रीमान् जी। 2020–21 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली से संबधता के बाद छात्र संख्या 1798 से बढ़कर 2104 हो गई।

(ख) हाँ, श्रीमान् जी, 16 कक्षा–कक्ष जीर्ण–शीर्ण होने के कारण गिराने के बाद, कक्षा I से V और VIII से XII के छात्र विद्यालय के शेष 21 कक्षाओं में पढ़ रहे हैं और कक्षा VI और VII के छात्रों को किराए के भवन यमुना हाई स्कूल, वीणा नगर कैंप, यमुनानगर में पढाने का प्रबंध किया गया है।

(ग) विद्यालय में 16 कक्षा–कक्षों के निर्माण हेतु 335.00 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई हैं। 16 कक्षा कक्षों को तोड़ने के लिए कोई अनुदान जारी नहीं किया गया। इस स्तर पर निविदाएं आमंत्रित करने का सही समय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। जैसे ही निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू होगी, तदानुसार माननीय सदस्य को सूचित कर दिया जाएगा।